Seventeenth Loksabha

n lang=HI>

Title: Need to review the functioning of Cattle Breeding Farm, Andeshnagar, Lakhimpur - Kheri district, Uttar Pradesh - Laid.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी के अंदेशनगर में 1976 में कैटर ब्रीडिंग फार्म पशुपालन डेयरी विकास मंत्रालाय द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य नस्ल सुधार के साथ देश में दूध का उत्पादन बढ़ाने व अच्छी नस्ल के सांडो को देश के पूर्व व पूर्वोत्तर में वितरित करने की योजना थी जिसके लिए क्षेत्र की लगभग 300 हैक्टेयर भूमि पर यह फार्म बनाया गया था ।

परंतु कालांतर में कई कमियों के कारण यह फार्म अपने उद्देश्यों में सफल नहीं हो पा रहा है जिसमें न कवल मंत्रालय के स्तर पर उक्त संस्थान को निरीक्षण उपरांत दिशा निर्देश देने तथा संबन्धित संस्थान की कुछ आवश्यकताओं की पूर्ति की आवश्यकता है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है की उक्त संस्थान का निरीक्षण करने व बेहतर परिणाम हेतु पूर्ण मूल्याकन करने की कृपा करें ।